RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार 07 मार्च 2024 | वर्ष 05 | अंक 315 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# MVA में दो मुस्लिमों को मिले टिकट!

## प्रकाश आंबेडकर ने गठबंधन के लिए रखीं ये अटपटी शर्तें



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में महाविकास अघाडी मोर्चा के लिए मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं. अब वंचित बहुजन अघाडी के अध्यक्ष प्रकाश आंबेडकर ने महाराष्ट्र में INDIA गठबंधन के सामने अनोखी शर्त रख दी है. प्रकाश आंबेडकर ने दावा किया है कि उनकी पार्टी का प्रभाव राज्य की 48 में से 27 सीटों पर है, ऐसे में उन्हें सबसे ज्यादा सीटें मिलनी चाहिए. इतना ही नहीं उन्होंने उद्धव के सामने शर्त रखी है कि महाविकास अघाडी की लिस्ट में 13 ओबीसी और 2 मुस्लिम उम्मीदवारों को जगह मिले. महाराष्ट्र में सीट बंटवारे को लेकर बुधवार को महाविकास आघाडी की बैठक हुई. हालांकि, प्रकाश आंबेडकर की मांग की वजह से बैठक में सीट बंटवारे को लेकर कोई बात नहीं बन पाई और बैठक बेनतीजा रही. अब अगली बैठक 9 मार्च को होगी.

**बैठक पर क्या बोले संजय राउत?**

उधर, बैठक के बाद शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा, टश्अ की जरूरी बैठक हुई है, बहुत ही पॉजिटिव और सकारात्मक चर्चा हुई. सीट शेयरिंग की चर्चा हो गई है, हम सब में कोई मतभेद नहीं है. प्रकाश आंबेडकर से भी चर्चा काफी अच्छी हुई है. दरअसल, उद्धव के नेतृत्व में शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी और कांग्रेस ने महाराष्ट्र में सरकार बनाई थी. हालांकि, ये सरकार एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद गिर गई. अब अजित पवार की बगावत के बाद एनसीपी भी दो गुटों में बंट गई हैं. ऐसे में महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव गुट), एनसीपी (शरद गुट) और कांग्रेस ने गठबंधन में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है. इस गठबंधन में प्रकाश आंबेडकर के भी शामिल होने की चर्चा है.

### महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा सीटें मिलें...

### प्रकाश आंबेडकर ने बैठक में रखीं ये शर्तें

1. प्रकाश आंबेडकर ने बैठक में कहा, महाराष्ट्र की 48 में से 27 सीट पर VBA की ताकत है, इसलिए सबसे ज्यादा सीटें श्इअ को मिलें.
2. मराठा आरक्षण की मांग का चेहरा बन चुके मनोज जरांगे पाटिल को MVA का जालना से उम्मीदवार बनाया जाए.
3. MVA अपनी उम्मीदवार सूची में 13 OBC और 2 मुस्लिम उम्मीदवार घोषित करे.
4. शिवसेना UBT और NCP शरद पवार लिखकर दे कि सांसद चुनकर आने के बाद बीजेपी या फ्रर के साथ नहीं जाएंगे.

# अर्धनग्न विरोध के बाद

## पूर्व भाजपा नगरसेवक अरविंद शेट्टी पर मामला दर्ज



**मुंबई :** काशीमीरा पुलिस ने मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) में पूर्व भाजपा पार्षद अरविंद शेट्टी सहित दो लोगों पर गलत तरीके से रोकने, जानबूझकर अपमान करने और सरकारी काम में बाधा डालने का मामला दर्ज किया है। 4 फरवरी को, शेट्टी एक मीडियन के निर्माण के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराने के लिए अर्धनग्न हो गए थे, जिससे ठाणे घोड़बंदर रोड पर चेने गांव में उनके होटल में प्रवेश अवरुद्ध हो गया था। संविदा एजेंसी से जुड़े एक इंजीनियर द्वारा दर्ज की गई शिकायत के बाद एक एफआईआर दर्ज की गई थी, जिसे मेट्रोपॉलिटन रीजन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एमएमआरडीए) द्वारा आवंटित धन के आधार पर एमबीएमसी द्वारा सीमेंट कंक्रीट सड़क और ट्रैफिक मीडियन बनाने का काम सौंपा गया था। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें शेट्टी को रोते हुए, स्थानीय शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक के क्रोध से बचाने के लिए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस से गुहार लगाते हुए देखा गया था। शेट्टी ने आरोप लगाया कि 2018 में नगरसेवक बनने के बाद से सरनाइक उन्हें परेशान कर रहा था और उनके होटलों को निशाना बना रहा था। हालांकि, सरनाइक ने आरोपों का खंडन किया था और उन्होंने शेट्टी और जुड़वां शहर में अन्य लोगों द्वारा संचालित अवैध प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए फड़नवीस को एक पत्र लिखा था।

# पार्टी और परिवार में कोई विभाजन नहीं, सुप्रिया सुले ने दोहराया...



**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की सांसद सुप्रिया सुले ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में कोई विभाजन नहीं है, और एनसीपी शरद पवार की है। सुले ने यह भी कहा कि सिर्फ इसलिए कि परिवार के एक सदस्य ने अलग रुख अपना लिया है, पवार परिवार में कोई विभाजन नहीं है। ''पार्टी में कोई विभाजन नहीं है। पार्टी संविधान के अनुसार राकांपा शरद पवार की है। मामला उच्चतम न्यायालय में है और हम इसके लिए लड़ रहे हैं। पवार परिवार बहुत बड़ा है। एक व्यक्ति अलग रुख अपना रहा है। सुले ने बुधवार को पुणे में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, ''परिवार में विभाजन का मतलब है।''

अपने रुख को दोहराते हुए कि राकांपा के रैंकों में कोई विभाजन नहीं है, सुले ने कहा, ''भले ही शरद पवार ने इस पार्टी की स्थापना की है, पार्टी के संविधान के अनुसार, हमारे अधिकांश नेता शरद पवार के साथ हैं। शरद पवार के साथ अन्याय हुआ है।'' .इसलिए, हम इसके लिए लड़ रहे हैं. मैं अपने रुख पर कायम हूं कि पार्टी में कोई विभाजन नहीं है; हमारी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में जारी है.'' सुले ने आगे कहा कि उनके परिवार में 125 लोग हैं और अगर उनके परिवार में किसी की विचारधारा अलग है, तो इसका मतलब परिवार में कोई विभाजन नहीं है, खासकर तब जब उनके परिवार में कुछ चुनिंदा लोग ही राजनीति में हैं। ''मेरा 125 लोगों का परिवार है... अगर इतने बड़े परिवार के किसी व्यक्ति की विचारधारा अलग है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि परिवार में फूट है। यह एक व्यक्ति का रुख है। हमारा परिवार एक है।'' एनसीपी (एससीपी) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा, ''मेरे परिवार के केवल तीन से चार लोग राजनीति में हैं; मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है।'' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनके परिवार में हर किसी को निजता का अधिकार है, जैसे उनकी मां (प्रतिभा पवार), जो शरद पवार जैसे ''हाई प्रोफाइल'' व्यक्ति की पत्नी होने के बावजूद सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आती हैं।

# मीरा रोड में फिर बवाल, हुड़दंगियों का आतंक... दहशत में आम लोग



**मुंबई :** मुंबई से सटा मीरा रोड इस समय लगातार चर्चा में है, मंगलवार की रात तकरीबन 9 बजे 30 से 40 युवकों के हुजूम ने बेवरली पार्क के बैठक कैफे के पास तकरीबन 15 मिनट तक बवाल मचाये रखा। इस वारदात में 3 से 4 लड़के जख्मी हो गए हैं। जिसमे एक घायल छात्र के सिर पर तकरीबन 16 टांके लगे हैं। इस हुड़दंग के दौरान तीन दुकाने भी उसकी चपेट में आ गई। चश्मदीदों की माने तो हुड़दंगियों का ये हुजूम जो भी सामने आया उसे अपना शिकार बनाता गया। मीरा रोड पुलिस स्टेशन में मामले की एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

### चार छात्र सहित एक दुकानदार भी घायल

वारदात मंगलवार की रात तकरीबन 9 बजे घटी। जब चालीस लोगों का हुजूम कैफे में आया। उसके बाद वहां उन्हें जो भी मिला उनके साथ मार पीट करते गए। मिली जानकारी के अनुसार वो लोग किसी एक खास लड़के को टारगेट करने वहां आए हुए थे। जिसकी जांच पुलिस कर रही है। इस वारदात में यादव नाम का लड़का बुरी तरह जख्मी हुआ है। जिसके सिर पर 16 टांके लगे हैं। इसके अलावा एक और छात्र के सिर पर घाव हुआ है जिसके सिर से खून बह रहा था। उसके अलावा दुकानदार सहित दो और लोग मामूली तरीके से जख्मी हो गए हैं। चश्मदीदों की माने तो एक आरोपी ने अपने हाथ में चाकू ले रखी थी।

अब तक तीन आरोपियों के पकडे जाने की खबर है। बेवर्ली पार्क की इस वारदात से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। बेवर्ली पार्क के नेमिनाथ बिल्डिंग के सामने तीस से चालीस हुड़दंगियों द्वारा तकरीबन 15 मिनट तक जिस तरह तांडव मचाया गया। उससे स्थानीय लोग दहशत में हैं।

### पुलिस ने शिकायत दर्ज कर 3 को किया गिरफ्तार

मीरा रोड पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए वारदात की शिकायत दर्ज कर ली है। आईपीसी की धारा 324, के अलावा राइटिंग का केस दर्ज किया गया है। अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस सीसीटीवी और उपलब्ध विडियो के आधार पर मामले के तफ्तीश कर रही है। पुलिस इस वारदात से जुड़े अन्य आरोपियों की खोजबीन में भी जुट गई है। चंद्रकांत सरोदे (सीनियर पीआई मीरा रोड पुलिस स्टेशन) ने नवभारत को बताया, हमने जैसे ही शिकायतकर्ता आए मामले की शिकायत दर्ज कर ली, अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की तफ्तीश जारी है। अन्य आरोपियों को भी जल्द पकड़ लिया जायेगा। मौके पर पुलिस गश्त भी बढाया जायेगा।



# संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

## भारत की बड़ी छलांग

चिप बनाने वाली अमेरिकी कंपनी माइक्रॉन द्वारा पिछले साल गुजरात में अपने पहले सेमीकंडक्टर संयंत्र के निर्माण की नींव रखने के बाद, भारत ने अपनी सेमीकंडक्टर महत्त्वाकांक्षाओं को बढ़ा दिया है। हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये के निवेश वाली तीन और सेमीकंडक्टर इकाइयों की स्थापना को मंजूरी दी जिनमें भारत का पहला सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र शामिल होगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ साझेदारी में गुजरात के धोलेरा में एक सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी। इसके अलावा, असम के मोरीगांव और गुजरात के साणंद में दो सेमीकंडक्टर एटीएमपी (असेंबली, टेस्टिंग, मार्किंग और पैकेजिंग) इकाइयों की स्थापना की जाएगी। यह भारत की सेमीकंडक्टर संभावनाओं के लिहाज से एक बड़ी छलांग है, यह देखते हुए कि वैश्विक कंपनियों को यहां कारखाने लगाने के लिए प्रोत्साहित करने के सरकारों के प्रयास के बावजूद देश कई दशकों तक अवसर से वंचित रहा। इस ऐलान से पहले दुनिया में चिप की भारी तंगी देखने को मिली थी। इसके अलावा, जैसे-जैसे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ रहा है, घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को आर्थिक वृद्धि के संभावित वाहक के रूप में देखा जा रहा है। यह अनुमान लगाना बहुत कठिन नहीं है कि मुख्यभूमि चीन और ताइवान के बीच की दुश्मनी किस तरह से सेमीकंडक्टर चिप के उत्पादन को गहराई से प्रभावित कर सकती है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में कमजोरियों को देखते हुए भारत के लिए यह ज्यादा अहम हो गया है कि विभिन्न क्षेत्रों के लिए आवश्यक इलेक्ट्रॉनिक घटकों की स्थिर आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, हालांकि यह बात गौर करने की है कि भारत में क्षमता इस क्षेत्र में हुए अत्याधुनिक विकास जैसी नहीं होगी। इसके अलावा, सरकार भारत के उभरते सेमीकंडक्टर परिवेश में रोजगार की संभावनाओं को लेकर काफी आशावादी है।

इन इकाइयों से करीब 20,000 उन्नत प्रौद्योगिकी नौकरियों और करीब 60,000 अप्रत्यक्ष नौकरियों का सृजन हो सकता है। भारत ने एक महत्त्वपूर्ण सेमीकंडक्टर देश बनने की दिशा में अभी बस यात्रा शुरू की है, लेकिन पहले से ही वह एक शीर्ष सेमीकंडक्टर डिजाइन देश की स्थिति में आ गया है, जिसके पास दुनिया का लगभग 20 फीसदी सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा पूल है। यह काफी अहम हो सकता है क्योंकि इससे विनिमार्ता अपनी गुणवत्ता में सुधार कर पाएंगे। फैब कारखानों में निवेश से कंपोनेंट और एंसिलरी विनिर्माण को भी बढ़ावा मिलेगा और साथ ही कुशल कामगारों के लिए रोजगार के ज्यादा अवसर उपलब्ध होंगे। लेकिन यह बात ध्यान देने की है कि निकट भविष्य में ऐसे कुशल श्रमिकों की तलाश कठिन होगी जो किसी फैब कारखाने की फैक्टरी फ्लोर पर काम कर सकें। इसको देखते हुए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने देश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में एकीकृत सर्किट और सेमीकंडक्टर चिप के विनिर्माण एवं डिजाइन से जुड़े पाठ्यक्रम शुरू किए हैं। ऐसी उम्मीद है कि कामगारों को कुशल बनाने और समुचित प्रशिक्षण से प्रतिभा की तंगी की समस्या से निजात पाने में मदद मिल सकती है।

ध्यान रहे कि कई और देश भी अपने यहां चिप विनिर्माण कारखाने शुरू करने की कोशिश में लगे हैं, इनमें मलेशिया और वियतनाम जैसे विकासशील देश भी शामिल हैं। अमेरिका और यूरोपीय संघ जैसे देशों-क्षेत्रों में नई दिल्ली से ज्यादा आकर्षक प्रोत्साहन योजनाएं पेश की गई हैं। ऐसे में भारत को बहुत उच्च गुणवत्ता वाली चिप का निर्माण शुरू करने से पहले इंतजार करना होगा। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए यह अहम है कि भरोसेमंद बिजली आपूर्ति, जल संसाधन और परिवहन नेटवर्क जैसे बुनियादी ढांचे की अड़चनों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalrokthok
#faisalrokthok

## "धैर्य को कमजोरी ना समझें.."

# भाजपा के प्रहार पर तिलमिलाई ममता, बंगाल को दिया खास संदेश



**पश्चिम बंगाल:** लोकसभा चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की राजनीति संदेशखाली के इर्द-गिर्द घूम रही है. संदेशखाली मामले में ममता सरकार को भाजपा चारों तरफ से घेर रही है. लगातार हो रहे हमलों पर सीएम ममता बनर्जी ने आज बुधवार को चुप्पी तोड़ी. उन्होंने कहा कि बंगाल के धैर्य और शिष्टाचार को उसकी कमजोरी नहीं समझा जाना चाहिए. ममता ने बंगाल की ताकत दिखाने के लिए लोगों को 10 मार्च को होने वाली टीएमसी की 'जन गर्जना सभा' में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए कहा.

ममता बनर्जी ने कहा कि इस रविवार को ब्रिगेड ग्राउंड में 'जन गर्जना सभा' (खङ्ङ्ल्लङ्ङ्ङ्ल्लुँ) उस भूमि पर एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा जिसने हमेशा अपने अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी है. उन्होंने लोगों से अपील की कि बंगाल के सुरक्षित भविष्य के लिए जन आंदोलन का नेतृत्व करते हुए हमसे जुड़ें. याद दिला दें कि टीएमसी की 'जन गर्जना सभा' इससे पहले तब सुर्खियों में आई थी जब रेलवे ने इसके लिए स्पेशल ट्रेनों के अनुरोध को ठुकरा दिया था.

### रेलवे ने ठुकरा दिया था टीएमसी का अनुरोध

पश्चिम बंगाल सरकार ने 10 मार्च की 'जन गर्जन सभा' के लिए लोगों को अलीपुरद्वार और कूचबिहार से कोलकाता ले जाने के लिए स्पेशल ट्रेनों का अनुरोध किया था. रेलवे ने टीएमसी के स्पेशल ट्रेन के अनुरोध को ठुकरा दिया था. रेलवे के फैसले पर टीएमसी ने सोमवार को केंद्र की आलोचना की थी. टीएमसी नेता डेरेक ओब्रायन ने कहा था कि वह (केंद्र) लोगों को रैली में शामिल होने से नहीं रोक पाएंगे.

रेलवे ने परिचालन संबंधी बाधाओं का हवाला देते हुए ममता सरकार के अनुरोध को ठुकरा दिया था और कहा था कि यह संभव नहीं हो पाएगा. जिसके बाद डेरेक ने कहा था कि टीएमसी की जन गर्जना सभा से भाजपा के पैरों के नीचे की जमीन हिलती हुई महसूस की जा सकती है. हमें कोई नहीं रोक सकता. इस मुद्दे पर केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए ओब्रायन ने सवाल किया कि अगर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने ट्रेनों की मांग की होती तो क्या रेलवे परिचालन संबंधी मुद्दों का हवाला देता?

### अश्विनी वैष्णव का जिक्र...

**डेरेक ओब्रायन ने कहा था कि पीएम मोदी के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से... अगर इन ट्रेनों का अनुरोध ओडिशा के सीएम ने किया होता तो वे इसे ठुकरा नहीं पाते. क्योंकि वैष्णव ओडिशा से ही राज्यसभा पहुंचे हैं. ओडिशा के अनुरोध पर क्या आप "परिचालन मुद्दों" का हवाला देते? स्पष्ट रूप से नहीं.**

# बाधा बने 38 झोपड़ों को किया गया निष्काषित



**मुंबई :** पूर्वी एक्सप्रेस हाइवे को चौड़ी करने के साथ-साथ अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड ब्रिज बनाने की बाधा अब दूर हो गई है। मनपा ने ब्रिज के निर्माण में बाधा बने 38 झोपड़ों को निष्कासित कर दिया, जिससे अब ब्रिज बनाने का रास्ता साफ हो गया है। झोपड़ों को तोड़ने के पहले मनपा ने नोटिस देने का काम किया और पात्र झोपड़ा धारकों को घर भी दिया। बता दे कि पूर्व एक्सप्रेस हाइवे से गोलीबार रोड तक आने जाने वाले वकाहन चालकों को सुविधा देने के लिए महाराष्ट्र रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड पर ब्रिज बनाने का काम किया जा रहा है। अंधेरी-घाटकोपर लिंक रोड को 45.7 मीटर चौड़ा किया जाएगा। इस चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे 38 झोपड़ों को हटाना जरूरी था। मनपा इन झोपड़ा धारकों के साथ सात बार बैठक कर उन्हें प्रयायी जगह देने का सुझाव एव जानकारी देकर झोपड़ों को हटाने का निणर्य लिया गया। मनपा द्वारा कई बार निवेदन करने और पयार्यी जगह देने के बावजूद झोपड़ा धारक घर खली करने को तैयार नहीं थे।

# इंडिगो की उड़ान में यात्रा कर रहे एक 42 वर्षीय यात्री बीड़ी पीने के आरोप में गिरफ्तार



**मुंबई :** इंडिगो की उड़ान में यात्रा कर रहे एक 42 वर्षीय यात्री को मुंबई पुलिस ने विमान में बीड़ी पीने के आरोप में गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि जब घटना इंडिगो के क्रू मेंबर के सामने आई तो उन्होंने तुरंत उसे रोका। जब विमान मुंबई एयरपोर्ट पर उतरा तो यात्री को पुलिस के हवाले कर दिया गया. मोहम्मद फकरुद्दीन नाम के आरोपी के खिलाफ आईपीसीसी की धारा 336 और विमान अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने कहा, आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। मुंबई पुलिस के मुताबिक, यह घटना दिल्ली से मुंबई जा रहे विमान में हुई, जहां इंडिगो फ्लाइट के बाथरूम में यात्री ने कथित तौर पर बीड़ी पी ली.

हालांकि, बीड़ी की तेज गंध के कारण चालक दल के एक सदस्य को संदेह हुआ और आगे की खोज करने पर पता चला कि एक यात्री, जो बाथरूम के अंदर था, धूम्रपान कर रहा था। पुलिस ने बताया कि जब चालक दल के सदस्यों ने बाथरूम की तलाशी ली तो उन्हें मधुमक्खी मिली और पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना अपराध कबूल कर लिया।

# मुंबई में हवा में ठंड जारी... अगले दो दिनों तक ठंडी बनी रहेगी स्थिति



**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, मुंबई में तापमान में गिरावट जारी है और अगले दो दिनों तक ठंड जारी रहने की उम्मीद है। शहर में मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को न्यूनतम तापमान 17.9 डिग्री सेल्सियस था, जो चार साल में मार्च का सबसे कम तापमान था।

आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, मुंबई में सांताक्रूज में 17.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो 2020 के बाद से मार्च में सबसे कम न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था, जबकि कोलाबा में सोमवार को 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। महानगर में न्यूनतम तापमान में औसत से एक से दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखी गई है। सोमवार को कोलाबा का अधिकतम तापमान 28.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जबकि सांताक्रूज का तापमान 29.4 डिग्री सेल्सियस था। इसमें कहा गया है कि मार्च में मुंबई का अब तक का सबसे कम न्यूनतम तापमान 2012 में 12.7 डिग्री सेल्सियस था। आईएमडी ने कहा कि मंगलवार को सांताक्रूज में न्यूनतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस और कोलाबा में 20.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

आईएमडी के निदेशक सुनील कांबले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि पिछले कुछ दिनों से मुंबई का अधिकतम तापमान 25 से 30 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 18 से 20 डिग्री सेल्सियस के बीच था, जिसका मुख्य कारण हवा के पैटर्न में बदलाव था। कांबले ने कहा, "मुंबई में तापमान में गिरावट का मुख्य कारण हवा का पैटर्न है। उत्तरी और पश्चिमी हवाओं के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से तापमान में गिरावट आई है।"

# सीएनजी के दामों में आई गिरावट...




**मुंबई :** सरकारी कंपनी महानगर गैस लिमिटेड (एमजीएल) की ओर से कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस यानी सीएनजी की कीमतों में 2.5 रुपये प्रति किलो की कटौती की गई है। कंपनी द्वारा नया रेट 73.50 रुपये प्रति किलो निर्धारित किया गया है। कंपनी की ओर से सीएनजी नई कीमतें आज रात 12 बजे से लागू हो जाएगी। कंपनी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, सीएनजी की कीमतों में कटौती की वजह लागत में कमी आना है, जिसके कारण कंपनी ने कीमतों घटाने का ऐलान किया है। कंपनी की ओर से कहा गया कि कंपनी लगातार सीएनजी को बढ़ावा देने को लेकर काम कर रही है। गैस की लागत में आई किसी भी कमी का फायदा कंपनी तुरंत अपने ग्राहकों तक पहुंचाती है। सीएनजी की कीमतों में कमी होने से इसकी खपत ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर में बढ़ाई जा सकेगी। इससे प्रदूषण को कम करने में भी काफी मदद मिलेगी। साथ ही कंपनी की ओर से कहा गया कि सीएनजी की नई कीमतें लागू होने के बाद मुंबई के कंज्यूमर को मौजूदा भाव पर पेट्रोल के मुकाबले सीएनजी 53 प्रतिशत और डीजल के मुकाबले 22 प्रतिशत सस्ती पड़ेगी। उन सभी शहरों में जहां एमजीएल का नेटवर्क हैं। वहां पर ये कटौती लागू होगी। दिल्ली एनजीआर आईजीएल द्वारा सीएनजी स्टेशनों का संचालन किया जाता है। वहीं, मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों में एमजीएल की ओर से सीएनजी स्टेशनों का संचालन किया है। बात दें, देश की राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

# मुंबई में 136 साल पुराने मलबार हिल जलाशय को तोड़ने की तैयारी?

**मुंबई :** मलबार हिल जलाशय का पुनर्निर्माण हो या उसकी मरम्मत की जाए, इसे लेकर आईआईटी की कमिटी ने अपनी रिपोर्ट बीएमसी कमिश्नर आई. एस. चहल को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बीएमसी को रिजर्व वायर तोड़ने या मरम्मत करने से पहले दक्षिण मुंबई में पानी सप्लाई की वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में नए टैंक का निर्माण करना पड़ेगा। बीएमसी को इसके लिए 54 एमएलडी पानी रखने की व्यवस्था करनी पड़ेगी। 10 पॉइंट में पेश रिपोर्ट में स्पष्ट कहा गया है कि बीएमसी के सामने रिजर्व वायर को तोड़कर बनाने और मरम्मत करने के दोनों विकल्प



मौजूद हैं। बीएमसी प्रशासन का झुकाव रिजर्व वायर के रिकंस्ट्रक्शन के लिए है। बीएमसी ने इस रिजर्व वायर के निर्माण पर 698 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। बीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमारे सामने दोनों विकल्प मौजूद हैं, एक दीर्घकालिक है और दूसरा तात्कालिक है। रिजर्व वायर को तोड़कर बनाना दीर्घकालिक व्यवस्था है और उसकी मरम्मत कुछ साल की मोहलत दे सकती है। यह कमिश्नर को तय करना है कि क्या किया जाना चाहिए। इस जलाशय से मलबार हिल, ग्रांट रोड, नेपेंसी रोड, गिरगांव, कोलाबा, चर्चगेट, मंत्रालय, कफ परेड और नरिमन पॉइंट इलाके में पानी की आपूर्ति की जाती है।

मलबार हिल रिजर्व वायर के लिए गठित दोनों कमिटी के मत में अंतर है। तीन सदस्यीय गठित कमिटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि बिना तोड़े रिजर्व वायर की मरम्मत की जा सकती है। यह रिपोर्ट विजुअल इंस्पेक्शन पर आधारित है। वहीं, चार सदस्यीय आईआईटी की रिपोर्ट परीक्षण और वैज्ञानिक निगरानी पर आधारित है। इसमें सभी पहलुओं पर विचार कर रिपोर्ट बीएमसी को सौंपी गई है।

## स्पेशलिस्ट की मदद लेने पर विचार

**बीएमसी अधिकारी ने बताया कि स्पेशलिस्ट और आईआईटी कमिटी की रिपोर्ट में अंतर है। इसलिए किसी निर्णय से पहले हम थर्ड ओपिनियन भी ले सकते हैं। इसके लिए वॉटर सिस्टम स्पेशलिस्ट कमेटी से भी सुझाव लिया जा सकता है। इस कमिटी से हम ऐक्शन प्लान की रिपोर्ट भी देने को कहेंगे। अधिकारी ने कहा कि अगले दो साल तक रिजर्व वायर से पानी सप्लाई होती रहेगी, लेकिन हमें कोई ठोस निर्णय लेना होगा।**

## 136 साल पुराना जलाशय...

**अधिकारी के अनुसार 1887 में फिरोजशाह मेहता गार्डन के नीचे बने इस जलाशय को बने 136 साल हो गए हैं, जिसे हैंगिंग गार्डन जलाशय भी कहते हैं। जलाशय पुराना होने के कारण बड़े पैमाने पर लीकेज की वजह से पानी बर्बाद हो रहा है। बीएमसी ने इसकी क्षमता बढ़ाने के लिए इसके पुनर्निर्माण का निर्णय लिया है। इसकी क्षमता फिलहाल 150 एमएलडी है, जिसे बढ़ाकर 191 एमएलडी करने की योजना है। इसके लिए 389 पेड़ों को हटाने की योजना है, जिनमें 189 पेड़ काटे जाएंगे और 200 से अधिक पेड़ों को प्रत्यारोपित किया जाएगा। पर्यावरण विशेषज्ञ पेड़ों को काटे जाने की बात का विरोध कर रहे हैं। बीएमसी इसके लिए नागरिकों का भी सजेशन-ऑब्जेक्शन मंगवा चुकी है।**

# अवैध रूप से व्यवसाय करने वाले फेरी वालों के विरुद्ध मनपा की करवाई में चली गई वरिष्ठ नागरिक की जान!



**ठाणे :** सड़कों के किनारे अवैध रूप से व्यवसाय करने वाले फेरीवालो के विरुद्ध मनपा का अतिक्रण विभाग लगातार करवाई कर रहा है। लोकमान्य नगर के पाड़ा न.3 में करवाई के दौरान मची भगदड़ की चपेट में आकर जमीन पर गिर पड़े 65 वर्षीय मनोहर सहदेव महाडिक की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। करवाई के दौरान मची भगदड़ का वीडियो सोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय य है है कि सड़कों पर फेरीवालों द्वारा अतिक्रमण करने और यातायात जाम होने की शिकायतें मिलती रहती है। शनिवार की शाम मनपा के अतिक्रमण विभाग द्वारा लोकमान्य नगर के पाड़ा न.3 स्थित मच्छी मार्केट में अवैध फेरीवालों के विरुद्ध करवाई की गई थी। करवाई के दौरान फेरीवाले अपने समान को जप्त होने से बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। सड़क के संकरी होने की वजह से अनेक लोग धक्का मुक्की के शिकार हो गए। इसी दौरान धक्का लगने से महाडिक जमीन पर गिर पड़े और उनके सिर में चोट लग गई। स्थानीय लोगों ने उन्हें कलवा के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में किसी न्यूरोलॉजिस्ट के न होने की वजह से उन्हें मुंबई जे जे अस्पताल भेज दिया गया जहां अत्यधिक रक्तश्राव के चलते सोमवार को देर शाम उनकी मौत हो गई।

# लेह और लद्दाख के क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के लिए उप मुख्यमंत्री फडणवीस ने की पीएम मोदी की सराहना




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का व्यापक विकास देखा है। वह मंगलवार को जलगांव में 'नमो युवा सम्मेलन' को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, केंद्र सरकार ने देशभर में रेल, हवाई अड्डों और बदरगाहों के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है। हमने नए जमाने की मेड इन इंडिया वंदे भारत ट्रेनों को देशभर में चलते देखा है।

उन्होंने चीन की सीमा से लगे लेह और लद्दाख के क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए केंद्र के प्रयासों की सराहना की। इसके साथ ही फडणवीस ने कहा, ''अब हम 12 घंटे में अपने कुछ सीमावर्ती क्षेत्रों तक पहुंच सकते हैं।''

### 'हम दुश्मन का सामना करने में बेहतर स्थिति में'

फडणवीस ने कहा, ''सीमावर्ती इलाकों सहित देश के कोने-कोने में अब और सड़कें बन जाने से हम अपने दुश्मनों का सामना करने के लिए बहुत बेहतर स्थिति में हैं, चाहे वह पाकिस्तान हो या कोई अन्य देश।'' उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें देश के सशस्त्र बलों के शीर्ष अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सीमावर्ती क्षेत्रों में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर काम हुआ है।

### 'पहले सीमांत इलाकों में पहुंचने में लगते थे आठ दिन'

उन्होंने केंद्र की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ''इससे पहले हमारे कुछ सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचने में हमें कम से कम आठ दिन लग जाते थे।'' उप मुख्यमंत्री ने कहा, ''पीएम मोदी के नेतृत्व में हुए बुनियादी ढांचे के विकास के कारण अब हम सीमा पर किसी भी दुस्साहस का जवाब दे सकते हैं और जवाबी कार्रवाई कर सकते हैं।''

## 'सेना देती थी कांग्रेस को चीन के ढांचे की जानकारी'

**उन्होंने कहा, ''इससे पहले हमारे सैन्य अधिकारी कांग्रेस को चीन के आक्रामक बुनियादी ढांचे के बारे में जानकारी देते थे और वे आसानी से हम पर हमला करने की साजिश रचने में सक्षम हो जाते थे। यह कहा जाता था कि चीन बहुत आसानी से सीमाओं पर भारी हथियार जुटा सकता है और यदि वह चाहे तो 24 घंटे के भीतर हम पर हमला कर सकता है। अगर कभी ऐसी स्थिति पैदा होती है तो हमारे सैनिकों को बहुत कम समय में लड़ाकू हथियारों का इस्तेमाल करना होगा और उस दिशा में बुनियादी ढांचे की कमी एक समस्या है।''**

# मासिक भत्ता बढ़ाने और हेल्थ कवर देने की रखी मांग... बिजली निगमों के संविदा कर्मचारियों ने दी हड़ताल की धमकी



**मुंबई :** महाराष्ट्र में तीन सरकारी बिजली उपयोगिता कंपनियों के हजारों संविदा कर्मचारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने की धमकी दी है। दरअसल, इन कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर मंगलवार रात से हड़ताल शुरू करने की धमकी दी। विभिन्न यूनियनों के एक छत्र संगठन, महाराष्ट्र राज्य विद्युत संविदा कर्मचारी संघ संयुक्त कार्रवाई समिति ने 1 अप्रैल, 2023 से पूर्वव्यापी प्रभाव से मासिक भत्ते में 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की मांग की है।एक्शन कमेटी ने एक बयान में कहा, ''एक और मांग यह है कि कर्मचारियों को यह आश्वासन मिलना चाहिए कि उनका कार्यकाल 60 वर्ष की आयु तक रहेगा।'' इसमें कहा गया है कि संविदा कर्मचारियों को कोई चिकित्सा लाभ नहीं मिलता है और सरकार को उनके और उनके परिवारों के लिए 15 लाख रुपये का स्वास्थ्य कवर प्रदान करना चाहिए। दरअसल, दावा किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसला सुनाया गया है कि एक ही प्रकार के काम के लिए समान वेतन का भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन राज्य द्वारा संचालित बिजली उत्पादन, वितरण और ट्रांसमिशन कंपनियां इस मानदंड का पालन नहीं करती हैं। इसने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए विशेष भत्ते की भी मांग की, जैसा कि इन हिस्सों में तैनात अन्य सरकारी कर्मचारियों को दिया जाता है।

# बांद्रा-कुर्ला और बीकेसी के बीच स्वचालित रैपिड पब्लिक ट्रांसपोर्ट टैक्सी चलेंगी...

## एक पॉड में बैठ सकेंगे 6 यात्री... गति 40 किलोमीटर प्रति घंटा

**मुंबई :** मुख्यमंत्री शिंदे ने बांद्रा-कुर्ला से बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के बीच स्वचालित रैपिड पब्लिक ट्रांसपोर्ट (पॉड टैक्सी) को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर चलाने की मंजूरी प्रदान की है। पॉड टैक्सी के रूट की लंबाई 8.80 किलोमीटर लंबी होगी और इसमें कुल 38 स्टेशन होंगे। एक पॉड टैक्सी में अधिकतम 6 यात्री सफर कर सकेंगे। इसकी अधिकतम गति 40 किमी प्रति घंटा होगी। पॉड टैक्सी चलाने के लिए ट्रैक की आवश्यकता होती है और ये बैटरी से चलने वाली छोटी कार जैसी टैक्सी है। सड़क पर ट्रैफिक का दबाव कम करने के लिए पॉड टैक्सियों के लिए ट्रैक आमतौर पर अलग से बनाए जाते हैं। ये ट्रैक जमीन पर या एलिवेटेड भी हो सकते हैं। मुंबई के अलावा उत्तर प्रदेश में भी पॉड टैक्सी चलाने की योजना है।

ये पॉड टैक्सी जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट और फिल्म सिटी के बीच



चलेगी। मंगलवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मंत्रालय में एमएमआरडीए की बैठक हुई। इस बैठक में अन्य महत्वपूर्ण ढांचागत परियोजनाओं के साथ बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्वचालित रैपिड पब्लिक ट्रांसपोर्ट (पॉड टैक्सी) परियोजना को सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के आधार पर मुख्यमंत्री ने मंजूरी प्रदान की। शिंदे ने मुंबई महापालिका की तर्ज पर एमएमआरडीए क्षेत्र में डीप क्लीन ड्राइव चलाने का निर्देश दिया।

## मुंबई की 15 हजार झुग्गियों का होगा पुनर्विकास

घाटकोपर के माता रमाबाई आंबेडकर नगर और कामकाज नगर के लगभग 15 हजार घरों का पुनर्विकास करने के लिए मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) और झोपड़पट्टी पुनर्विकास प्राधिकरण (एसआरए) के बीच मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत ईस्टर्न फ्री-वे और वेस्टर्न एक्सप्रेस-वे के बीच स्थित लगभग 2 हजार झोपड़ियों का पुनर्विकास करने का रास्ता साफ हो गया है। मुंबई की ठप्प पड़ी झोपड़पट्टी पुनर्वास परियोजना के काम को आगे बढ़ाने के लिए मुंबई, ठाणे महानगरपालिका, एमएमआरडीए सिडको और म्हाडा की संयुक्त भागीदारी के आधार पर पुनर्विकास किया जाएगा। एसआरए और एमएमआरडीए के बीच हुए समझौते के अनुसार माता रमाबाई आंबेडकर नगर, कामराज नगर में लगभग 15 हजार घरों का एमएमआरडीए के माध्यम से पुनर्विकास किया जाएगा।

# 61 वर्षीय बुजुर्ग महिला ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या



**महाराष्ट्र :** ठाणे शहर में 61 वर्षीय महिला ने अपने घर पर कथित तौर पर फांसी लगाकार आत्महत्या कर ली। घटनास्थल से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें महिला ने बताया है कि बहू और बेटे के द्वारा किए गए मानसिक उत्पीड़न से परेशान हो कर उसने आत्महत्या की है। पुलिस ने बताया कि महिला ने दो मार्च को आत्महत्या कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली, जिसके बाद पुलिस ने उसकी बहू और बेटे के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, मृतका की बेटी ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। नौपाड़ा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ निरीक्षक अभय महाजन ने कहा कि पीड़िता की पहचान सुषमा विलास खैरनार के रूप में हुई है और उसके घर से 12 पन्नों का सुसाइड नोट बरामद हुआ है।

उन्होंने बताया कि महिला इसी घर में बेटे राहुल और बहू गौरी के साथ रहती थी। सुसाइड नोट के मुताबिक, आरोपी और मृतक महिला के बीच संबंध तनावपूर्ण थे। उसकी बहू और बेटे ने अन्य चीजों के अलावा महिला को घर में स्वतंत्र रूप से घूमने से भी रोक दिया था। एक दिन आरोपियों ने महिला को घर छोड़ वृद्धाश्रम में रहने के लिए भी कह दिया था। उन्होंने कहा कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाना), 504 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और 506 (आपराधिक धमकी) और 34 (सामान्य इरादा) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मीरा भयंदर नगर निगम ने आजाद नगर में अवैध संरचनाओं को ढहाना शुरू कर दिया




**मीरा-भायंदरः** भयंदर (पूर्व) के गोल्डन नेस्ट सर्कल क्षेत्र के पास स्थित घनी आबादी वाली झुग्गी बस्ती आजाद नगर में भीषण आग लगने के ठीक पांच दिन बाद, मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) ने इसे गिराना शुरू कर दिया। अवैध रूप से निर्मित संरचनाओं और आधे जले हुए अवशेषों को हटा दिया गया। जबकि दीपक चौरसिया उर्फ पप्पू (42) नामक एक व्यक्ति की जलने से मौत हो गई थी, आग बुझाने और बचाव कार्यों के दौरान दो बच्चों और तीन अग्निशमन कर्मियों सहित पांच लोग घायल हो गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नरेंद्र चौहान के नेतृत्व में अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने जेसीबी और मजदूरों की मदद से तोड़फोड़ का काम शुरू किया। 40 से अधिक आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाएं जो सामाजिक वानिकी आरक्षण के साथ टैग की गई भूमि पर अवैध रूप से विकसित हुई थीं, विध्वंस टीम के रडार पर थीं। आवासीय और वाणिज्यिक संरचनाओं के अलावा, झुग्गी बस्ती में दर्जनों अवैध रूप से संचालित स्क्रैप गोदाम भी हैं जो कथित तौर पर खतरनाक सामग्री का भंडारण करते हैं।

# मुंबई पुलिस ने बरामद की लापता बच्चे की खोपड़ी... 35 दिन बाद मिला था शव

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने मंगलवार को उस 12 वर्षीय लड़के की खोपड़ी बरामद की है, जिसका शव उसके लापता होने के लगभग 35 दिन बाद वडाला इलाके में मिला था। बच्चे की पहचान संदीप यादव के रूप में हुई है। वह वडाला में ही रहने वाले बिपुल सीकरी नामक व्यक्ति के साथ बाहर जाने के बाद से लापता हो गया था। एक दिन पहले उसका सिर कटा शव मिला था। संदीप यादव दंपती की इकलौती संतान था। उसका जन्म उनकी शादी




के 14 साल बाद हुआ था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सोमवार को सूचना मिली कि वडाला क्रीक इलाके में एक सिर विहीन शव पड़ा हुआ है। मृतक बच्चे की पहचान उसके पिता ने उसके कपड़ों और जूतों से की। मंगलवार को तलाशी के दौरान पुलिस को उस जगह से 15-20 फीट की दूर पर खोपड़ी मिली। पुलिस ने हत्या सहित कई अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर सीकरी की गिरफ्तारी का प्रयास तेज कर दिया है। आरोपित का पता लगाने के लिए अलग-अलग टीमें बनाई गई हैं। उसका पता लगाने के लिए टीमें बंगाल, उत्तर प्रदेश और कश्मीर पहुंची हैं। लेकिन अभी तक उसका पता नहीं चल सका। टीम बंगाल में उसके मूल निवास स्थान पर भी पहुंची, लेकिन उसका पता नहीं लग सका है।

# पर्यटन विभाग मुंबई में यहूदी स्थलों के दौरे को देगा बढ़ावा

**मुंबईः** 'यहूदी रूट', मुंबई में यहूदी स्थलों के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए इजरायली महावाणिज्य दूतावास और महाराष्ट्र पर्यटन विभाग के बीच एक सहयोग है, जिसे दो और पैदल यात्रा कार्यक्रमों की सुविधा के लिए विस्तारित किया जाएगा, जिसका पर्यटक और इतिहास में रुचि रखने वाले आनंद ले सकते हैं।

पिछले साल शुरू की गई इस परियोजना में वर्तमान में पांच मार्ग हैं, लेकिन वे चलने योग्य नहीं हैं। ये मार्ग स्थानीय यहूदी इतिहास से जुड़े स्थलों को कवर करते हैं, जैसे नेसेट एलियाहू, या काला घोड़ा में नीला आराधनालय, डेविड सैसून लाइब्रेरी, जिसे परोपकारी सैसून परिवार द्वारा



वित्त पोषित किया गया था, कोलाबा में चबाड हाउस, जो 26/11 के आतंक में घिरा हुआ था। हमले और कब्रिस्तान, जिनमें वर्ली और चिंचपोकली भी शामिल हैं।

ये यात्राएं जेरूसलम के हिब्रू विश्वविद्यालय में ऐतिहासिक भूगोल के प्रोफेसर शाऊल सैपिर द्वारा लिखित पुस्तक 'बॉम्बे मुंबई सिटी हेरिटेज वॉक्स, एक्सप्लोरिंग द ज्यूइश अर्बन हेरिटेज' पर आधारित हैं। इन मार्गों में मुंबई में दो, पुणे और रायगढ़ जिले में एक-एक शामिल है। वर्तमान में, जानकारी एक वेबसाइट www.jewishroute.in पर उपलब्ध है, लेकिन परियोजना के बारे में जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति ने कहा, पर्यटन के लिए ऑडियो और विजुअल डेटा के साथ एक मोबाइल-फोन एप्लिकेशन बनाने की योजना है। परियोजना के हिस्से के रूप में, यात्रा कार्यक्रम के कुछ स्थलों पर अंग्रेजी, मराठी और हिब्रू में जानकारी वाली पट्टिकाएं लगाई गई हैं। मोबाइल-फोन एप्लिकेशन विकसित करने का काम एक ट्रैवल कंपनी को सौंपा जाएगा। सूत्र ने कहा, एप्लिकेशन पट्टिकाओं पर बारकोड के माध्यम से साइटों पर जानकारी पढ़ने में सक्षम होगा।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८१ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com